हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.3 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

10 खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक : सांसद बघेल

14 छत्तीसगढ़ के 101 पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से जमेगा देशभक्ति का रंग




**खबर संक्षेप**

### असामाजिक तत्वों व वाहन चालकों पर कार्रवाई



**भिलाई।** जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा और ऑपरेशन विश्वास के तहत विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई 14 दिसंबर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई।

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत सड़क किनारे अवैध और असुरक्षित तरीके से वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग जिले के सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे।

इसके तहत 11 वाहन स्वामियों के विरुद्ध धारा 285 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई थाना पुलगांव में 7 प्रकरण, थाना जामुल, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई और चौकी अंजोरा में 1-1 प्रकरण के रूप में दर्ज की गई है। वहीं ऑपरेशन विश्वास के तहत आम स्थानों पर शराब सेवन करने, अड्डेबाजी करने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस अभियान में आबकारी एक्ट के तहत कुल 27 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इसी क्रम में दुर्ग जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में 20 स्थायी वारंट और 65 गिरफ्तारी वारंट की तामील कर कुल 85 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### कारण जानने के लिए पुलिस कर रही पूछताछ

# दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग जिले में कक्षा दसवीं की एक छात्रा ने फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। छात्रा की पहचान दिशा माथनकर (15 साल) निवासी जयंती नगर दुर्ग के रूप में हुई है। वह दुर्ग पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी। मोहन नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार 13 दिसंबर दोपहर की है। दिशा अपने परिवार के साथ सिकोला बस्ती के आगे जयंती नगर स्थित घर में रहती थी। उसके परिवार में चार लोग हैं। दिशा बच्चों में सबसे बड़ी थी। उसकी मां सिलाई का काम करती है। दोपहर दो बजे अचानक उसके घर से रोने की आवाज आई तो पड़ोसी वहां पहुंचे। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सुसाइड का कारण पता नहीं चल पाया है। पीएम रिपोर्ट व परिजनों से पूछताछ के बाद ही सही कारण पता चल पाएगा।



#### पढ़ाई में होनहार थी दिशा

पड़ोसियों ने बताया कि दिशा पढ़ाई में होनहार थी और सामान्य स्वभाव की थी। हाल के दिनों में किसी तरह के तनाव या विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि पुलिस परिजनों, पड़ोसियों और स्कूल से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

### स्कूटी में गांजा सप्लाई, गिरफ्तार



**भिलाई।** नशेड़ियों को गांजा उपलब्ध कराने वाला रायपुर कबीरनगर निवासी आरोपी बंटी शाहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्ज से एक लाख रुपए के गांजा सहित 2.36 लाख रुपए का सामान पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने जब्त की है।

जानकारी के अनुसार विगत 10 दिसंबर को रायपुरनाका दुर्ग ओवर ब्रिज के पास दो आरोपी सुमन पाण्डेय और मुकेश मिश्रा निवासी तितुरडीह दुर्ग को पुलिस ने गांजा बेचते पकड़ा था। मौके पर आरोपियों के कब्जे से गांजा 2.362 ग्राम कीमती 118000 रुपए और गांजा बिक्री रकम 2070 रुपए जब्त की गई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि बंटी शाहा पिता निहार रंजन शाहा, निवासी कबीरनगर रायपुर द्वारा पिछले एक साल से गांजा उपलब्ध कराया जा रहा था। इस बीच पुलिस को सूचना मिला कि आरोपी बंटी शाहा रायपुरनाका रेल्वे फाटक के पास ग्राहकों को गांजा सप्लाई करने आने वाला है। घेराबंदी कर आरोपी बंटी शाहा को पकड़ा गया। इसके कब्जे से काला रंग के एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 एनएम 5482 की डिक्की में एक सफेद रंग के झिल्ली में 2 किलो गांजा कीमती 1 लाख रुपए बरामद हुआ। साथ ही गांजा बिक्री रकम 55,200 रुपए और मोबाइल कीमती 700 रुपए, काले रंग का एक्टीवा वाहन कीमती 80,000 रुपए सहित कुल 235900 रुपए जब्त की गई।

# कल्याण कॉलेज उत्पात, एनएसयूआई नेता कन्नौजिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई में प्रदर्शन के नाम पर उत्पात मचाने और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में दुर्ग पुलिस एनएसयूआई के नेता आकाश कन्नौजिया को नागपुर से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने दो अन्य नोताओं को गिरफ्तार किया था। सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज के आधार पर पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



घटना के मुख्य आरोपी सेक्टर-5 निवासी

#### नागपुर से लेकर आई पुलिस

आकाश कन्नौजिया (29 वर्ष) ने 9 दिसंबर 2025 को अपने साथियों के साथ कल्याण कॉलेज में प्रदर्शन किया था। आकाश वहां के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा के कक्ष में घुसा। उनके नेम प्लेट में काली श्याही डाली। इसके साथ ही प्रिंसिपल के अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए उससे बात की। उन्हें चप्पल की माला पहनाने का प्रयास किया गया। इस घटना के बाद प्राचार्य शर्मा ने भिलाई नगर थाने में जाकर 9 दिसंबर को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। कनौजिया और उसके साथी दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा व अन्य ने प्राचार्य कक्ष में घुसकर अश्लील गालियां दीं, टेबल का कांच तोड़ा, शासकीय दस्तावेज फाड़े। इस घटना से कॉलेज स्टाफ में भय का माहौल है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए थाना भिलाई नगर में धारा 191(2), 221, 296, 324(1), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### दो आरोपी पहले हुए गिरफ्तार

पुलिस ने घटना की जांच करते हुए घटना में शामिल दो आरोपी दीपक पाल और हरदीप पात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था।

# उधार की रकम नहीं दी, युवक पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

उधार के पैसे वापस नहीं करने पर एक युवक ने दूसरे के ऊपर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक नीलकमल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। वहां उसका इलाज जारी है। इधर छावनी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शिवा को गिरफ्तार कर लिया है।

छावनी थाना प्रभारी के अनुसार 13 दिसंबर शनिवार शाम करीब 6 बजे सतनाम नगर कुंआ के पास नीलकमल जांगड़े उर्फ नीलू और शिवा दोनों बैठकर शराब पी रहे थे।



- मामला छावनी थाना क्षेत्र का, घायल युवक की हालात गंभीर

शिवा ने नीलकमल को दिए गए उधार की रकम 15000 रुपए वापस करने के लिए कहा। इस पर नीलकमल ने कहा कि अभी 3500 रुपये है जिसमें से 2000 रुपए दूंगा, बाकी पैसा धीरे-धीरे वापस करूंगा। इससे शिवा गुस्से में आ गया और नीलकमल के साथ मारपीट करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि रात्रि लगभग 8.30 बजे शिवा ने सड़क के किनारे पड़े कांक्रीट के बड़े पत्थर का बड़ा टुकड़ा उठाकर नीलकमल के सिर पर हमला कर दिया।

इससे नीलकमल लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए स्पर्श अस्पताल सुपेला पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक नीलकमल की स्थिति नाजुक है।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छावनी थाना क्षेत्र के सतनाम नगर में अज्ञात युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां उसका उपचार जारी है। घायल युवक के परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत छावनी थाना में दर्ज कराई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने अब तक कई लोगों से पूछताछ की है। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

बी.एम.शाह हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED


विगत 13 वर्षों से जनसेवा में समर्पित
NABH CERTIFIED
24/7 SERVICE
कैशलेस इलाज हेतु सभी हेल्थ इंश्योरेंस, टी. पी. ए., कॉर्पोरेट एवं सरकारी योजनाओं से अनुबंध।
स्पेशलिस्ट डॉक्टर की ओ. पी. डी मात्र 100₹
प्रति दिन मरीजों के लिये भोजन मात्र ₹1 में
सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का प्राथमिक उपचार निः शुल्क

"प्रदेश का विश्वसनीय और भरोसेमंद अस्पताल"
हम रखते हैं आपका हर- पल ख्याल
डॉ. जय तिवारी
एम.डी.(मेडिसिन) मेडिकल डायरेक्टर
डॉ. अरुण मिश्रा
डायरेक्टर (ऑपरेशन्स)
ओ. पी. डी. 1132000+
आई. पी. डी. 60000+
सर्जरी 38000+
डायलिसिस 35000+
एंजियोप्लास्टी 350+
एंडोस्कोपी 4500+
क्रिटिकल सर्जरी 3000+
नॉर्मल डिलिवरी 5000+
सिजेरियन डिलिवरी 8000+
कूल्हा/घुटना प्रत्यारोपण 2000+
अत्यधिक जोखिम वाली सफल प्रसूति सर्जरी 11000+
निः शुल्क सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का प्राथमिक उपचार 30000+
आईसीयू / एनआईसीयू 125000+
उपलब्ध विभाग
न्यूरोलॉजी | कार्डियोलॉजी
न्यूरोसर्जरी | प्लास्टिक सर्जरी
नेफ्रोलॉजी | यूरोलॉजी (मूत्र रोग)
गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | ऑर्थोपेडिक (हड्डी रोग)
जनरल मेडिसीन | जनरल/लेप्रो. सर्जरी
टी. बी./ चेस्ट रोग | कान, नाक, गला रोग
प्रसूति एवं स्त्री रोग | डर्मेटोलॉजी (त्वचा रोग)
शिशु रोग | दंत रोग
नेत्र रोग | फिजियोथेरेपी
पैथोलॉजी | रेडियोलॉजी
चिकित्सकीय वार्ड- मेडिकल आईसीयू, ट्रॉमा आईसीयू, सर्जिकल आईसीयू, एनआईसीयू, मॉड्यूलर ओ.टी., कैथलैब, बर्न यूनिट, डायलिसिस यूनिट, डीलक्स वार्ड, प्राइवेट वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, प्रसूति वार्ड।
डायग्नोस्टिक सेवाएँ- एम. आर. आई., सीटी- स्कैन, 2D-इको, एंडोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी, ब्रोंकोस्कोपी, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, टीएमटी, ईईजी, ईसीजी, एक्स-रे।
शास्त्री नगर, सुपेला, भिलाई (छ.ग.) 77730 77711 77730 77722
ईमेल info@bmshah.in
वेबसाईट www.bmshah.in

## खबर संक्षेप

### उर्स मुबारक पर 20 को महफिल-ए- क़व्वाली



**दुर्ग।** शहंशाह-ए-हिन्दुस्तान, हिन्द वली सरकार, ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वां उर्स मुबारक पुराना बस स्टैंण्ड दुर्ग में 20 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया । जिसमें संरक्षक मेहंदी भाई, हाजी मिर्जा साजिद बेग, अध्यक्ष हैदर अली, सचिव अहमद खान मुन्ना, सह सचिव नदीम आजमी, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता व कार्यकारणी में सुनील शर्मा, मतीन भाई, मुन्ना शर्मा, बल्लू भाई, रजा खान, अधिवक्ता फहीम शरीफ, सनम तांडी असलम खान गोलू, साबिर खान, दीपक पंडा, मुकेश चंदनानी,अनवर शाह, आकिब खान, मिर्जा सादाब बेग, मिर्जा आदाब बेग, मुकुंद साव, शौकत अली, शकील, आरिफ, राकेश रकसेल बंटी, नूरदीन, अजगर, अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 20 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे काबुली सरकार के दरगाह के सामने पुराना बस स्टैंण्ड दुर्ग में महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम के संयोजक हाजी मिर्जा साजिद बेग ने बताया कि बज्मे ख्वाजा अजमेर शरीफ में चादर लेकर रवाना होगी। जिसे खादिम-ए-आस्ताना सरकार गरीब नवाज जनाब हाजी सुहैल नियाजी के नेतृत्व में ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने आलिया में पेश किया जाएगा । साथ ही तमाम लोगो के लिए व राज्य में अमन चैन खुश हाली के लिए दुआ की जाएगी ।

### दिव्य श्री हनुमंत कथा स्थल पर ध्वज पूजन समारोह आज

**भिलाई।** दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ से पूर्व ध्वज पूजन समारोह का आयोजन सोमवार 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिव्य श्री हनुमंत कथा के कार्यक्रम स्थल जयंती स्टेडियम के पास भिलाई में आयोजित होगा। ध्वज पूजन समारोह में प्रमुख रूप से संस्था के संयोजक राकेश पांडेय उपस्थित रहेंगे, जिन्हें छत्तीसगढ़ शासन खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का दायित्व प्राप्त है और जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी मिला हुआ है। आयोजक सेवा समर्पण संस्था दुर्ग ने सभी श्रद्धालु भक्तजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ध्वज पूजन में सहभागी बनने की अपील की है।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने महिलाओं को दी गई जानकारी

## वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम एनयूएलएम के तहत वार्ड 35 बाबा रामदेव वार्ड में नगर निगम एनयूएलएम एवं इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन तथा सरकारी वित्तीय योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज बैंक के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम के अधिकारी, कर्मचारी ओर से अधिकारी प्रवीण वर्मा ने उपस्थित महिलाओं और समूह सदस्यों को बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में ऑनलाइन माध्यमों के जरिए धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़े हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहते हुए ही किसी भी प्रकार के ओटीपी, लिंक, कॉल या निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग, साइबर फ्रॉड, संदिग्ध कॉल्स से बचाव और शिकायत प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया।

### पीएम स्वनिधि योजना की दी पूरी जानकारी

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में भी बताया गया, जिसके तहत शहर के पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रवीण वर्मा ने स्वनिधि योजना के सभी चरणप्रथम किश्त 10,000 रुपये, दूसरी किश्त 20,000 और तीसरी किश्त 50,000 रुपये के बारे में बताया कि समय पर भुगतान करने पर लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी और क्रेडिट कार्ड सुविधा भी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य छोटे वेंडरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे अपना व्यवसाय बढ़ा सकें।




### बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम के तहत गठित स्व-सहायता समूहों की 50 महिलाएँ शामिल हुईं। वार्ड की सामुदायिक संगठक निशा वर्मा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बैंकिंग ज्ञान आज के समय में अत्यंत आवश्यक है और ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में महिलाओं ने बैंक अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं से संबंधित सवाल पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया।

### बीमा योजनाओं की जानकारी

बैंक अधिकारी ने महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और जीवन सुरक्षा बीमा योजना के लाभ, पात्रता और दावे की प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं कम प्रीमियम में बड़ी सुरक्षा प्रदान करती हैं और हर परिवार को इनका लाभ अवश्य लेना चाहिए।

## वार्ड-13 : नगर निगम और पार्षद पर अनदेखी का आरोप

# 10 साल से नहीं हुई सफाई, अवैध कब्जे की भेंट चढ़ा हगरी तालाब

## पुरानी बस्ती कोहका में बदहाल सड़कें, अधूरी नालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 13 की पुरानी बस्ती कोहका इन दिनों बदहाली का शिकार है। क्षेत्र की सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में सड़कों पर पानी भरने से हालात और बिगड़ जाते हैं।

वार्ड में नालियों की स्थिति भी चिंताजनक है। कई जगह नालियां अधूरी छोड़ दी गई हैं। वहीं बनी हुई नालियों में नियमित सफाई नहीं हो रही। गंदगी जमा होने से नालियां बजबजा रही हैं और घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़कों पर बह रहा है। इससे बदबू, मच्छर और बीमारी का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खटालों का संचालन खुलेआम हो रहा है। आम सड़कों पर खटाल लगने से आवागमन बाधित होता है और आसपास गंदगी फैल रही है।

वार्डवासियों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि निर्वाचित पार्षद न तो शिकायतों पर ध्यान देती हैं और न ही कभी वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचती हैं। महिला पार्षद होने के बावजूद वार्ड से जुड़ा अधिकांश कामकाज उनके पति द्वारा संभाले जाने की बात भी सामने आ रही है। वार्डवासियों ने नगर निगम तत्काल सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई व निर्माण और अवैध खटालों पर कार्रवाई की मांग की है।







### जर्जर सड़क से परेशान वार्डवासी, पार्षद पर अनदेखी का आरोप



वार्ड 13 की पुरानी बस्ती कोहका में रहने वाली ममता जंघेल ने क्षेत्र की बदहाल सड़कों को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास की सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। जगह जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही मुश्किल हो गई है। बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ममता जंघेल के मुताबिक मोहल्ले के लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार वार्ड की पार्षद को अवगत कराया। लिखित और मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक हालात जस के तस बने हुए हैं। न तो सड़क मरम्मत का काम शुरू हुआ और न ही किसी तरह का निरीक्षण किया गया। ममता जंघेल ने आरोप लगाया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि को वार्डवासियों की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। चुनाव के समय किए गए वादे सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। लोगों को उम्मीद थी कि पार्षद बनने के बाद बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है।

### गंदगी और बदबू से परेशान मोहल्लेवासी



पुरानी बस्ती कोहका निवासी लीना साहू ने बताया कि उनके मोहल्ले में नाली का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे पूरे इलाके का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। घरों से निकलने वाला पानी सीधे सड़क पर बह रहा है, जिससे रास्ते कीचड़ और फिसलन रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि पास ही बनी नाली में लंबे समय से सफाई नहीं की गई है। नाली पूरी तरह गंदगी से पटी पड़ी है। कचरा जमा होने से पानी का बहाव रुक गया है और आसपास तेज बदबू फैल रही है। इस बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है।

### देखरेख के अभाव में हगरी तालाब बदहाल



निवासी रमेश चन्द्र ने बताया कि उनके वार्ड में कुल चार तालाब हैं, जिनमें हगरी तालाब, शीतला तालाब, भेलवा तालाब और बंधन तालाब शामिल हैं। इनमें से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित हगरी तालाब की हालत सबसे ज्यादा चिंताजनक है। हगरी तालाब की पिछले करीब दस वर्षों से कोई सफाई नहीं हुई है। पहले इस तालाब की गहराई लगभग 25 फीट हुआ करती थी, लेकिन अब तालाब का पानी धीरे-धीरे सूखने लगा है। इसका सीधा असर क्षेत्र के भूजल स्तर पर पड़ा है, जो लगातार नीचे जा रहा है। न तो नगर निगम और न ही स्थानीय पार्षद ने तालाब की सफाई या सौंदर्यीकरण को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होंने बताया कि तालाब के चारों ओर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। अब भू माफियाओं की नजर भी इस तालाब पर पड़ गई है। कुछ लोग अवैध निर्माण के उद्देश्य से तालाब को पाटने का काम कर रहे हैं, जिससे इसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है।

# खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक : सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- सांसद ने खेल भावना का दिया संदेश

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रान्तर्गत रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 के तृतीय चरण संपन्न हुआ। शहर के सुराना कॉलेज मैदान, रविशंकर स्टेडियम, महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में आयोजित इस समारोह में युवाओं और खेल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल, पार्षद सरिता चंद्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता सुश्री विनीता वर्मा, गिरीश दीवान सहित अधिकारी-कर्मचारी के अलावा खिलाड़ियों व कोच की मौजूदगी में खेल का शुभारंभ करवाया गया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने खेल भावना का संदेश देते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और जीत की शुभकामनाएं दीं।

महोत्सव में उपस्थित आयुक्त सुमित अग्रवाल, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान,संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, पंकज साहू, अपर्णा मिश्रा, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

मैदानों में खेल भावना, जोश और सौहार्द का शानदार नज़ारा देखने को मिला। सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक है। यह हमें हार-जीत से ऊपर उठकर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना देता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव शहर की खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां देगा। हमारा लक्ष्य है कि हर गली-मोहल्ले में खेल का माहौल बने, बच्चे मोबाइल छोड़कर मैदान में समय बिताएं। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि खेलों से खिलते हैं सपने, और यही सपने शहर की पहचान बनते हैं। नगर निगम खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के लिए तत्पर है। सांसद खेल महोत्सव दुर्ग के युवाओं के लिए प्रेरणा और प्रगति का प्रतीक बनेगा।

### खेल के मैदानों में दिखा ऊर्जा और उत्साह का संगम

प्रतियोगिताओं में कुश्ती और वेट लिफ्टिंग महात्मा गांधी स्कूल, सुराना कॉलेज मैदान, रविशंकर स्टेडियम में बॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी सुरीली कुर्सी दौड़ , फुगड़ी सुराना कॉलेज मैदान और 100 मी., 400 मी रेस हुआ। प्रतियोगिता में 9 से 15 वर्ष तक के खिलाड़ी, 16 से 30 वर्ष तक और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल खेलों में 100 और 400 मीटर दौड़ गेड़ी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, कुर्सी दौड़ तथा टीम खेल में बॉलीबॉल कबड्डी खो खो का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। युवा खिलाड़ियों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित किया कि खेल उम्र नहीं, बल्कि उत्साह की पहचान है।

### ये रहे विजेता

फुगड़ी में सरिता बगरती, योगासनध्रुव राउत बालक 9 से 15 वर्ष, भौमिक देशमुख बालक 16 से 30 वर्ष, अशिता सोनी बालिका 9 से 15 वर्ष, पूनम बालिका 16 से 30 वर्ष, कृष्णा घोष 30 से अधिक। कबड्डी, युवराज ठाकुर टीम बालक 9 से 15 वर्ष, देविका साहू टीम बालिका 16 से 30 वर्ष, जीवेश ठाकुर टीम बालक 16 से 30 वर्ष, खो-खो नीलकमल यादव टीम बालक 16 से 30 वर्ष, सिया चौहान टीम बालिका 9 से 15 वर्ष, शीतल निषाद टीम बालिका 16 से 30 वर्ष, संगम विश्वकर्मा टीम बालक 9 से 15 वर्ष, सुरीली कुर्सी भावना साहू बालिका 9 से 15 वर्ष, जमुना तांडी बालिका 16 से 30 वर्ष।

## साधकों की सुबह शुरू होती है हरि कीर्तन से

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में हरि ओम साधकों द्वारा दुर्ग जिला के ग्राम कातरो में प्रभात हरि कीर्तन निकाली गई। जिसमें भिलाई दुर्ग के साधकों द्वारा हर सप्ताह सुबह हरि कीर्तन से दिन की शुरुवात करते हैं। हर सप्ताह चाहे ठंड हो या गर्मी या बरसात हो, संत आशाराम बापू के हरि ओम साधकों द्वारा हरि कीर्तन निकाली जाती है। यह कीर्तन की टोली को पूरे गांव में घुमाया जाता है। सभी भगवान नाम की ध्वनि में ताली बजाते हुए, एक आध्यात्मिक वातावरण गांव में प्रवेश कराते है और सभी ग्रामवासी लोगों को आध्यात्मिक मासिक पत्रिका भी निःशुल्क दी जाती है, जिसमें ऋतु अनुसार खान पान और स्वास्थ्य संबंधित बातें, सत्संग की गंगा इस पत्रिका के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जाती है। जिस गांव में जाते है गांव के लोग स्वागत वंदन भी करते है सरपंच या पार्षद भी कार्यक्रम में भाग लेते हैं, इस फेरी के माध्यम से साल भर जो कार्यक्रम करते हैं उनका भी प्रचार इस फेरी के माध्यम से करते है। यह जानकारी युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग ने दी।



## हड़ताल की तैयारी को लेकर फेडरेशन की हुई संभागीय बैठक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग संभाग की संभागीय बैठक जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग के मीडिया प्रभारी भानुप्रताप यादव ने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों से किए गए वादों को लागू करने, जिसे मोदी की गारंटी के रूप में बताया गया, को लेकर चर्चा की गई। इन मांगों के समर्थन में 11 सूत्रीय मांग पत्र के तहत 29, 30 और 31 दिसंबर 2025 को तीन दिवसीय निश्चितकालीन काम बंद-कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। सभा में उपस्थित फेडरेशन से संबद्ध सभी कर्मचारी नेताओं ने एकमत होकर हड़ताल को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया। बैठक में प्रांतीय सचिव एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, लिपिक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश लिपिक संघ प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी, स्वास्थ्य एवं बहुउद्देश्यीय कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष पंकज पांडेय, शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष मनोज कुमार साहू, संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा, संभागीय अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव, जिला संयोजक विजय लहरे, राजपत्रित अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष रूपेश पांडेय, अनुरूप साहू महासचिव कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।



## बीएलओ एप की लॉजिकल विसंगतियों पर दिया प्रशिक्षण

# कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, अपात्र सूची में न रहे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जिले में एसआईआर का कार्य जारी

जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग ग्रामीण/शहर, वैशाली नगर, भिलाई नगर, पाटन एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ एप में पाई गई लॉजिकल एरर/लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी (विसंगतियों) के सुधार हेतु मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण साईंस कॉलेज दुर्ग, बीआईटी दुर्ग, श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई, विवेकानंद सभागार एवं छत्रपति शिवाजी इंजीनियरिंग कॉलेज पुलगांव में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर सहित एसआईआर कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है।



### सत्यापन कर सुधार करना अनिवार्य

प्रशिक्षण में बताया गया कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा एकत्र कर डिजिटाइज किए गए गणना पत्रकों के आधार पर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं को बीएलओ एप में चिन्हित किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में पुनः सत्यापन कर आवश्यक सुधार करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी और सिल्ली थॉमस, एसडीएम हितेश पिस्दा और उत्तम ध्रुव सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश

शिफ्ट हुए, मृत अथवा अनुपस्थित मतदाताओं के मामलों में पंचनामा बनाकर संबंधित दस्तावेज अपलोड किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति न बने। उन्होंने ईआरओ एवं एईआरओ को यह सुनिश्चित करने को कहा कि दावे एवं आपत्तियों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाए। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी की पुनः जांच के निर्देश दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रमुख चरणों में बीएलओ, ईआरओ एवं डीईओ का प्रशिक्षण, राजनीतिक दलों की भागीदारी, गणना चरण, मतदाता सूची का प्रकाशन, ईआरओ, एईआरओ द्वारा नोटिस जारी कर उन पर निर्णय लेना, दावे एवं आपत्तियों का निपटारा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शामिल है।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

Congratulations
Ph.D Awarded



Dr. Shweta Dubey

W/o Mr. Avinash Dubey has been awarded Ph.D in Chemistry from Bharti Vishwavidyalaya, Durg, Chhattisgarh for her reasearch on the topic of

Analysis of Soil Quality in Rasmada Industrial Area, Durg, Chhattisgarh

under the guidance of Dr. Pratibha S. Kurup.

:Best Wishes from:
Dubey & Mishra Family and Friends

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप



### टी बी मरीज़ मुक्त हुआ ग्राम मटंग

**हरिभूमि पाटन।।** पाटन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मटंग को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी बी मरीज़ मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। सरपंच अमित हिरवानी ने बताया कि ग्राम जागरूकता व मितानिनों के सहयोग बिना यह असंभव था। इस मौके पर गोवर्धन साहू,राजेश साहू,देवकुमार साहू, रिखी देवांगन,संतराम यादव,हरबंश साहू,कुबेर लेंझवार ,मितानिन सरस्वती वर्मा,पुनवार्तिन साहू, कुंती, स्वास्थ्य विभाग से रूपाली यादव मौजूद थे।

### मातृ सम्मेलन खेल एवं व्यंजन मेला 20 को

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मातृ सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर को सुबह 10 से 12 बजे किया गया है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले और सह वक्ता राष्ट्र सेविका समिति दुर्ग जिला कार्यवाहिका राखी विश्वास होंगे। प्राचार्य पूरनलाल बारले ने बताया कि 20 दिसंबर को सेवा 9बजे से पौने 12 बजे विद्यार्थियों का खेल होगा। सवा 12 बजे से व्यंजन मेला का आयोजन होगा। 21 दिसंबर को पूर्व नियोजित शेष खेल संपन्न होगा।

## निधन

### आईपीएस प्रखर पांडेय



**भिलाई।** आईपीएस प्रखर पांडेय (55 वर्ष) निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने पर उन्हें उपचार के लिए भिलाई से रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सोमवार 15 दिसंबर को भिलाई में दोपहर 1 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रखर पांडेय वर्तमान में पुलिस मुख्यालय रायपुर में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर सीआईडी विभाग में सेवा दे रहे थे। वे कबीरधाम, सूरजपुर और दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक के अलावा मुख्यमंत्री सुरक्षा अधिकारी के पद पर रह चुके हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में बिलासपुर और राजनांदगांव, एसडीओपी चांपा, कोटा बिलासपुर में भी सेवाएं दे चुके हैं। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रखर पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### बसंत राव गणोरकर



**भिलाई।** शांतिनगर भिलाई-3 निवासी बसंत राव गणोरकर का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उम्दा रोड भिलाई -3 मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रदीप, प्रमोद और वर्षा के पिता थे।

# किसान नेताओं ने लिया धान खरीदी का जायजा, व्यवस्थाओं से सभी संतुष्ट

## दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत चंद्राकर पहुंचे रिसामा एवं मंचान्दुर खरीदी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



भाजपा किसान मोर्चा पहुंचे खरीदी केंद्र दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत चंद्राकर रिसामा एवं मंचान्दूर खरीदी केंद्र पहुंचे। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सुशील कुमार महार ने बताया कि 2 दिसंबर तक 7340 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। आज किसान जगन राम साहू, देव प्रकाश साहू, धनेश्वर पटेल, प्रमिला रानी चंद्राकर, कोमल देवांशु, माखन नीलकंठ, ओम प्रकाश,तरेंद्र साधु ठाकुर और रामेश्वर कलीराम ने धान बेचा है। समिति अध्यक्ष लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि वर्तमान में 26000 कट्टा से भी अधिक बारदाना सोसाइटी में उपलब्ध है। पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था की गई है। पानी और किसानों को बैठने के लिए छायादार शेड की व्यवस्था है। इसी प्रकार ग्राम मचांदुर में प्रबंधक अश्विनी साहू ने बताया कि मंगलवार को किसान सत्यभामा पीतांबर, मलेश्वर, योगेश्वर, हेमलता कोसरे, चूड़ामणि साहू, रामरतन दिवंगर, छन्नूलाल बारले, देवलाल साहू, अमरीश और विष्णु प्रसाद सहित अन्य किसानों से 10 हजार 920 क्विंटल धान खरीदी मचांदुर खरीदी केंद्र में हो चुकी है। वर्तमान में 47000 बारदाना खरीदी केंद्र पर उपलब्ध है।

पानी की व्यवस्था किसानों के लिए की गई है। अजीत चंद्राकर ने निरीक्षण के दौरान किसानों से मुलाकात कर बताया कि हर काश्तकार का एक-एक दाना सरकार खरीदेगी। विपक्ष द्वारा भ्रम फैला जा रहा है पिछली सरकार में चार किस्तों में किसानों को पैसा दिया जाता था। इस सरकार ने एकमुश्त 21 क्विंटल धान और 3100 किसानों को दे रही है। आने वाले समय में किसानों का एक-एक दाना 31 जनवरी से पहले खरीदी होगी और ऑनलाइन ऑफलाइन की लिमिट बहुत जल्द शासन द्वारा बढ़ाया जाएगा। यह भी जानकारी दी गई कि दोनों सोसाइटी में बेहतर व्यवस्था की गई है जिससे किसान भी खुश है। इस मौके पर मचांदुर समिति अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत ने बताया कि यहां सोसाइटी में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

## डबल इंजन की सरकार में किसान अपना धान बेचने हो रहे परेशान : दामिनी



**अंडा।** सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला के जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में ऑनलाइन–ऑफलाइन टोकन अव्यवस्था और प्रभारियों के स्थान पर तैनात प्रधिकृत अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्या हल न कर पाने से किसानों को बहुत ज्यादा समस्या हो रही है। वर्तमान में निकुम धान खरीदी केंद्र में कल निरीक्षण के दौरान केवल 2 कर्मचारी ही उपस्थित थे और केवल 2 लोगों के भरोसे पूरा केंद्र संचालित हो रहा है । ऐसा लग रहा है कि सरकार की मंशा ही नहीं है किसानों का पूरा धान खरीदने की। पहले ही इस वर्ष किसान कई प्रकार की बीमारी लग जाने के कारण फसल ठीक से ना होने से चिंतित है और उसके बाद कई लोगों का पूरा खसरा न जुड़ने के कारण किसान पटवारी और तहसील के चक्कर काट कर परेशान हो चुके है और अब यह ऑनलाइन टोकन न कटने के कारण अब किसान हताश हो चुके है। किसानों की अब लगभग पूरे धान की कटाई हो चुकी है और सबका धान बाहर पड़ा हुआ है। अब इसमें कई जगह चोरी की भी शिकायत आ रही है। फिर भी प्रशासन आंख मूंदे हुए है। किसानों ने आरोप लगाया कि खरीदी केंद्रों में टोकन वितरण प्रणाली पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। समय से टोकन नहीं मिल रहा, सर्वर समस्या बनी हुई है ।किसानों ने यह भी कहा कि सोसायटी प्रभारियों की जगह तैनात प्रधिकृत अधिकारियों द्वारा तौल में देरी, किसानों को बिना कारण लौटाना, कतारों में पक्षपात और प्राथमिकता में बदलाव जैसी मनमानी खुलकर देखने को मिल रही है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है।किसानों की मांग है कि धान खरीदी टोकन प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए, और ऑफलाइन टोकन वितरण का कोटा बढ़ाया जाए और प्रति दिन खरीदी का कोटा तत्काल बढ़ाया जाए। निकुम खरीदी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में अभी प्रति दिन लगभग 1300 क्विंटल की खरीदी हो रही है और अभी तक लगभग मात्र 10416.40 क्विंटल की खरीदी हुई है जिसमें लगभग 203 किसान ही अपना धान बेच पाए है और लगभग निकुम केंद्र में लगभग 1300 पंजीकृत किसान है और यही स्थिति रहा तो पूरा किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे। धान खरीदी किसानों के जीवनयापन का मुख्य आधार है, ऐसे में वर्तमान अव्यवस्था से गरीब और छोटे किसानों को सबसे अधिक नुकसान हो रहा है।

## धरती आभा ग्राम उत्कर्ष योजना में तीन किसानों का हुआ चयन

# गेंदे से महका अक्ताई, आधुनिक तरीके से होगा मछली पालन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





गेंदा फूल की नयनाभिराम खेती से अक्ताई की धरती महक रही है। वहीं आधुनिक तरीके से मछली पालन के लिए केंद्र सरकार ने यहां के तीन मत्स्य पालकों का चयन किया है। रिवागहन, चारभाठा और अकताई मिलाकर गठित ग्राम पंचायत अक्ताई को इस संबंध में 42 लाख रूपये का काम मिलने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गत पंचायत चुनाव में एम ए राजनीति विज्ञान अंतिम वर्ष की स्वाध्यायी छात्रा माधुरी नरोत्तम निषाद सरपंच पद पर आसीन हुई हैं।

रिवागहन में 40 डिसमिल जमीन पर युवा नरोत्तम निषाद कलकत्ता गेंदा फूल की खेती कर लगभग 1 लाख रुपए का व्यवसाय करने में सफल रहे। गेंदा फूल की उन्नत वैरायटी की खपत जामगांव आर, बटरेल, पाटन, गुण्डरदेही, उतई और दुर्ग के बाजार में हो रही है। इधर केंद्र सरकार की महती योजना धरती आभा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत 75 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले ग्राम अक्ताई के तीन मत्स्य कृषक जीतराम ठाकुर,दुजराम ठाकुर और डोमेंद्र ठाकुर का चयन हुआ है।

मत्स्य विभाग उपसंचालक सीमा चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारी गिरीश वर्मा और वेंडर गोविंद रजक ने अकताई पहुंचकर स्नाकोत्तर स्वाध्यायी छात्रा सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद से मिलकर संपूर्ण जानकारी देते हुए बधाई दी। विदित हो कि उक्त योजना के तहत आधुनिक तरीके से मछली पालन हेतु एक किसान को 14 लाख रुपए मिलती है जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान होती है। इस अवसर पर उप सरपंच दीपा मारकंडे, पंच बुधियारिन बाई ठाकुर, पीतांबर मारकंडे, अलक राम मारकंडे, नरोत्तम निषाद, विष्णु राम साहू, दिनेश चंद्राकर, रोजगार सहायक योगेश ठाकुर, भृत्य शंकर साहू, कामता पटेल सचिव, जीत राम ठाकुर और डोमेन्द्र ठाकुर सहित किसान उपस्थित थे।

### 30 डिसमिल में बनता है आधुनिक मछली पालन तालाब

वेंडर गोविंद रजक ने बताया कि आधुनिक तकनीक से मछली पालन के लिए 30 डिसमिल जमीन में एक तालाब या आधा एकड़ में दो तालाब का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अकताई के तीन किसानों का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। युवा किसान नरोत्तम निषाद कहते है कि धन और पानी संपन्न किसान धान की खेती के अलावा अन्य खेती पर रुचि लें। इसके लिए कृषि विभाग से संपर्क कर नई तकनीक और योजनाओं का लाभ उठाएं।

## बच्चों की सुरक्षा : ब्रेकर बनाएं या लगाएं स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद-पाटन

विधानसभा के ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश बबलु मारकंडे ने कहा कि आत्मानंद स्कूल व कन्या हायर सेंकडरी स्कूल के पास निर्माणाधीन सिक्स लेन सड़क व क्रेशर खदान से गिट्टी लेकर चलने वाले तेज रफ्तार हाइवा गाडियो से बच्चों के पालक व ग्राम वासी घबराए हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर पहले भी कई घटनाएँ हो चुकी है। चूंकि यहाँ पर सैकड़ों की संख्या में बच्चे कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में दो पाली में पढाई करते है जब स्कूल लगती और छुट्टी होती है तब यहाँ पर बच्चों और पालकों की बहुत भीड़ रहती है। हाइवा के अलावा भी सड़क पर अनेकों भारी वाहन तेज रफ्तार में चलते है। इसे ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने पी डब्लू डी के सक्षम अधिकारियों को यहां पर ब्रेकर बनाने के लिए आग्रह किया था। लेकिन विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। बच्चों और पालको को भी प्रशासन से उम्मीद थी कि वह ऐसे घटना से बचने के लिए रोड पर ब्रेकर या स्टॉपर लगाकर बच्चों को सुरक्षा देगा लेकिन विभाग अभी तक ऐसा नहीं कर पाया है। खिलेश मारकंडे ने कहा कि आज तक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सुध नहीं ली ना ही ब्रेकर ना ही स्टापर की व्यवस्था कर पाया और ना ही कही पर सांकेतिक बोर्ड

## सर्वोदयी नेता स्व पंथराम वर्मा की मनाई गई पुण्यतिथि




**उतई** :-अंचल के प्रसिद्ध गांधीवादी व सर्वोदयी नेता ,भूदान बोर्ड मध्यप्रदेश के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पंथराम वर्मा की पांचवी पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम मटँग में उनके प्रतिमा स्थल पर सादगीपूर्ण मनाई गई मौजूद लोगों ने स्व श्री वर्मा द्वारा विनोबा भावे के साथ प्रदेश में की गई पदयात्रा को याद किया साथ ही खादी से उनके लगाव से जुड़ी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

### नेशनल ओपन कबड्डी शुरू

**जामुल।** नगर पालिका जामुल में मां महामाया युवा संगठन के तत्वाधान में नेशनल ओपन स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक और नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बेमेतरा, बालोद, पेन्ड्रा, राजनांदगांव की टीम हिस्सा ले रही है। वहीं उत्तर प्रदेश से गाजियाबाद, वाराणासी, महाराष्ट्र से अकोला, नागपुर, मध्यप्रदेश से जबलपुर की टीमें भी हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, राकेश पाण्डेय अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग सहित शशिकांत बघेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ और सत्येन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा भिलाई जिला ने किया।


## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।


## भारती विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह



**दुर्ग।** शिक्षा, शोध एवं सामाजिक दायित्व के प्रति अपने संकल्प को साकार करते हुए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग ने आज अपना प्रथम दीक्षांत समारोह अत्यंत गरिमामय, भव्य एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया। यह अवसर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक इतिहास में एक मील का पत्थर के बतौर स्थापित हो गया । समारोह का आरंभ राष्ट्र गान , राज्य गीत और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन से हुआ । मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा थे , जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर व्ही के गोयल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग उपस्थित रहे। श्रीमती रजनी बघेल ,श्री सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, होलिस्टीक फाउन्डेशन की चेयर परसन श्रीमति दिशा चंद्राकर सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि समारोह की शोभा बढ़ाने उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उपाधियाँ प्रदान की गईं, कुल 85 शोधार्थियों को पीएच.डी., 215 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 335 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियाँ प्रदान कर उन्हें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अग्रसित होने कुलपति डॉ. प्रोफेसर बी एन तिवारी द्वारा दीक्षित किया गया। उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, लोगो, विश्वविद्यालय ध्वज एवं कुलगीत का विधिवत अनावरण किया गया, जो विश्वविद्यालय की पहचान, मूल्यों एवं भावी दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है। समारोह के दौरान शिक्षा विशेषकर शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आर.पी. अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्रार डॉ वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, संयुक्त प्रबंध संचालक द्वय श्रीमती शालिनी चंद्राकर, श्री जय चंद्राकर, सी ई ओ श्री प्रभजोत भुई ,डायरेक्टर डॉ घनश्याम साहू , डीन एकेडमिक्स डाक्टर आलोक भट्ट, डाक्टर अनिल दुबे , डॉ मानस रंजन होता तथा विश्वविद्यालय निर्देशक श्री रजनीश चंद्राकर , संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री की सहभागिता की भी संभावना

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का 20 दिसम्बर को दुर्ग में होगा विराम, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी "स्वदेशी संकल्प यात्रा" का 20 दिसम्बर को दुर्ग में भव्य समापन (विराम) होगा। इस ऐतिहासिक अवसर की तैयारियों को लेकर आज दुर्ग में दूसरी महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के शामिल होने की भी प्रबल संभावना है, जिससे यह आयोजन और अधिक भव्य एवं प्रेरणादायी बनने जा रहा है। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि कैट द्वारा नागपुर से प्रारंभ की गई स्वदेशी संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जो देशभर में लगभग 25,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यह यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "स्वदेशी अपनाओ – आत्मनिर्भर भारत बनाओ" के आह्वान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि इस देशव्यापी अभियान की औपचारिक शुरुआत 15 नवम्बर 2025 को नागपुर से की गई है, जिसमें कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच सहित विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों की सक्रिय सहभागिता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि "जब देशवासी लोकल के लिए वोकल होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। भारत की असली ताकत उसके छोटे व्यापारी, कारीगर और उद्यमी हैं।" इसी प्रेरणा से यह अभियान एक जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

**आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बनेगा स्वदेशी रथः** कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं चेयरमैन पवन बडजात्या ने कहा कि "यह रथ केवल एक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का रथ है, जो स्वदेशी विचारधारा, राष्ट्रीय गौरव और आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनेगा। हमारा लक्ष्य हर घर, हर बाजार और हर नागरिक को इस मुहिम से जोड़ना है।"उन्होंने आगे कहा कि यह यात्रा भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता, परंपरा और विश्वसनीयता का संदेश लेकर देशभर में भ्रमण करेगी तथा युवाओं और उद्यमियों में 'स्वदेशी गौरव' की भावना जागृत करेगी। विदेशी निर्भरता से मुक्ति की दिशा में यह अभियान एक निर्णायक कदम सिद्ध होगा। यात्रा के दौरान विभिन्न शहरों में स्वदेशी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी स्थानीय हस्तशिल्प एवं कारीगरों की झलक स्वदेशी संकल्प समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य केवल उत्पादों का प्रचार नहीं, बल्कि देश की आत्मा- स्वदेशी भावना को पुनः जागृत करना है।

### "स्वदेशी बेचें – स्वदेशी खरीदें" का बिगुल पूरे देश में

इस अभियान के अंतर्गत स्वदेशी संकल्प यात्रा देश के सभी राज्यों से होकर गुजरेगी। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को देश के कोने-कोने के बाजारों तक पहुँचाया जाएगा तथा व्यापारियों और उपभोक्ताओं को स्वदेशी के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वावलंबी भारत अभियान, छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न शहरों में स्वदेशी बेचो – स्वदेशी खरीदो,आत्मनिर्भर भारत और एक देश – एक चुनाव जैसे विषयों पर सेमिनार, कार्यशालाएँ और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इनमें व्यापारी, युवा, छात्र, महिलाएं, उपभोक्ता एवं सामाजिक संगठनों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उद्देश्य है कि स्वदेशी विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जाए और हर नागरिक को "स्वदेशी बेचें – स्वदेशी खरीदें" का संकल्प दिलाया जाए।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



आगामी दिनों में बढ़ सकती है ठंड



## गुरु घासीदास जयंती मनेगी 18 को

**दुर्ग।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती है। इसे लेकर दुर्ग और भिलाई में अलग-अलग तैयारी चल रही है। भिलाई में जहां तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी है। वहीं दुर्ग में दो दिवसीय कार्यक्रम होना है।

# दो डिग्री सेल्सियस पारा हुआ कम, आने वाले चार दिनों तक शीतलहर में आएगी कमी

**भिलाई।** रविवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। यानी न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही थी। दो दिनों की तुलना में ठंड कम हुई है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले चार दिनों में शीतलहर में और कमी आ सकती है। इसलिए न्यूनतम तापमान में और बढ़ोतरी होगी।

### अलसुबह धुंध और कोहरे से घिरा ट्विनसिटी

उत्तर-मध्य भारत से लगातर आ रही नम हवाओं की वजह से ट्विनसिटी पिछले दस दिनों से शीतलहर से प्रभावित है। अलसुबह धुंध और कोहरे की स्थित हर रोज बन रही है। आने वाले दिनों में भले ही न्यूनतम तापमान में कमी आएगी लेकिन धुंध व कोहरे की समस्या बनी रहेगी। जिसकी वजह से मार्निंग वॉक करने के दौरान लोगों को समस्या आ सकती है। इसलिए लोगों का सावधान रहने की जरूरत है।

### रात को पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे

सर्द हवाएं जैसे-जैसे रात हो रही है और तीव्र हो रही है। जिसकी वजह से रात 11 बजे के बाद सुबह 5 बजे तक न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस नीचे आ जाता है। इस समय लोगों का घर से बाहर निकलना सेहत पर विपरीत असर डालता है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹ ~~399~~ एवं उससे अधिक वाली स्टेनलेस स्टील से बने प्रीमियम क्वालिटी के चाय, दूध, कॉफी गर्म करने के लिये उपयोगी
सॉस पेन
14 cm. capacity 800 ml.
2 पीस ₹ 189
2 पीस सॉसपेन की कीमत मात्र ₹189 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पद्मनाभपुर रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग
*condition apply

हरिभूमि भिलाई संस्करण की 24वीं स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MANSA
GROUP OF INSTITUTIONS
Recognized by : NCTE, Delhi
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
Affiliated to CSVTU
"A" Grade with NAAC
GRADUATE - POST GRADUATE COURSE
B.Ed | M.Ed | B.P.Ed | B.A. | B.Com
TECHNICAL COURSES
Polytechnic : Electrical | Mechanical | MOM
ITI : Fitter | Electrician | COPA
Mansa College, Kohka Road, Kurud, Bhilai
+91 7772034444 | +91 7770816666
Website : mansacollege.com Email : mansacollege@gmail.com

यशोदा नंदन
चिल्ड्रन हॉस्पिटल
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
NABH CERTIFIED Hospital
दुर्ग शहर का सबसे विश्वसनीय सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
24 घंटे आपातकालीन एवं भर्ती सुविधा उपलब्ध | आयुष्मान भारत योजना से इलाज की सुविधा उपलब्ध | TPA कैशलेश सुविधा उपलब्ध | 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश वाल्मिक (MBBS, DCH)
डॉ. पुलक जैन (MBBS, DCH DNB) Gold Medalist
डॉ. रचना जैन (MBBS, DCH, DNB) Gold Medalist
डॉ. सुमीत पारख (MBBS, DCH, DNB)
उपलब्ध सुविधाएँ
State of the art NICU नवजात शिशुओं का (ICU) Including care for Preterm, Term, Low Birth Weight, Septic and Very Serious Newborn.
सर्वसुविधा युक्त बच्चों का ICU (PICU)
Ventilator की सुविधा उपलब्ध।
HFOV Ventilator की सुविधा उपलब्ध।
LED Phototherapy की सुविधा उपलब्ध।
2D ECHO की सुविधा उपलब्ध।
Pediatric Cardiologist की सुविधा उपलब्ध।
प्रतिदिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
24 घंटे Pathology, X-Ray, Pharmacy की सुविधा उपलब्ध।
AC Private Room की सुविधा उपलब्ध।
Speciality Clinic
डॉ. शान्तनु गुप्ता - Pediatric Neurologist - प्रतिमाह तीसरे रविवार उपलब्ध
डॉ. दीपक अग्रवाल - Pediatric Orthopedic Surgeon - प्रतिमाह तीसरे शुक्रवार उपलब्ध
डॉ. अनिल चौहान - Pediatric Cordialogist - प्रत्येक बुधवार एवं रविवार (शाम 4-6 बजे उपलब्ध)
SPEECH THERAPY - प्रतिदिन शाम 3-7 बजे तक
स्टेशन रोड, सिंधी कॉलोनी, गुरुद्वारा के पास, दुर्ग (छ.ग.) 0788-4701414 ynchdurg@gmail.com

## फिट रहने का दिया संदेश



कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सीमा सुरक्षा बल, सीमांत मुख्यालय विशेष संक्रिया के आईपीएस आईजी आनंद प्रताप सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह के अवसर पर आईजी आनंद प्रताप सिंह बताया कि बीएसएफ हर वर्ष अपने स्थापना दिवस पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिनसे युवाओं में खेल भावना और राष्ट्र भावना का विकास होता है। फिट रहना व्यक्ति की ऊर्जा, कार्यक्षमता और मानसिक संतुलन को बढ़ाता है तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है।

**लाइव इवेंट**

## दौड़ते कदम, बढ़ते सपने और उम्मीदों के साथ वार्षिक खेल दिवस में दिखाया उत्साह



**भिलाई।** शारदा विद्यालय रिसाली में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। ऊर्जा के इस उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव उपस्थित थे। विधायक द्वारा विद्यालय ध्वज फहराने के साथ ही रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़ा गया। शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने मशाल जलाकर खेल उत्सव की शुरुआत की। एन.सी.सी. के साथ अन्य विद्यार्थियों ने कदमताल की प्रस्तुति देते हुए सदस्यों को सलामी दी। मुख्य अतिथि देवेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेल से जुड़ी मुख्य भावना आत्म विश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा के विषय में बताते हुए उन्हे हमेशा आगे बढ़ने की सीख दी। विद्यालय डायरेक्टर संजय ओझा ने विद्यार्थियों से कहा कि खेल कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करने की हिम्मत देते हैं। खेल में आने वाले कठिन पड़ाव जीवन को ऊर्जा और संतुलन से जीने की राह दिखाते हैं। इस दौरान मैनेजर ममता ओझा, प्रिंसिपल रूद्रकांत झा, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस शेष्टि राव, एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा एवं वनिता तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। विद्यार्थियो दवरा प्रतियोगिताओं को खेल भावना और परिश्रम से जीतने की शपथ भी ली गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत रिदमिक योगा और योगा डांस की आकर्षक प्रस्तुति के साथ विद्यार्थियों ने कराते की भी प्रस्तुति दी। जेलीफिस, ब्लो ट्रंक, 100 मीटर रेस, रिले रेस, बॉल बैलेन्सिगं, बॉल रोलिंग रेस, हुला हुप्स रेस, इस्टाफेटा लोम्बोला, हंटर कोन, थ्री लेग रेस आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में विद्यालय के वाइस स्पोर्टस कैप्टन समृद्धि शर्मा द्वारा आभार व्यक्त और संचालन शिक्षिका अनुपमा सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में टैगोर हाऊस के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रथम, रमन हाऊस को द्वितीय और अशोका हाऊस के विद्यार्थियों को तृतीय स्थान पाने के लिए पुरस्कृत किया गया।



**लाइव इवेंट**

## जामुल बनेगा प्रदेश का आध्यात्मिक केंद्र 29 से श्रीराम कथा, हुआ भूमिपूजन



**भिलाई।** जामुल में 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित होने वाली दिव्य राम कथा महोत्सव की शुरुआत अयोध्या से पधारे स्वामी डॉ. अनंताचार्य महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार कर विधि–विधान के साथ भूमि पूजन द्वारा किया गया। अनुष्ठान में मुख्य यजमान दिलेश्वर उमरे और केदार राम साहू शामिल रहे। भूमि पूजन के साथ ही लगभग 50,000 श्रद्धालुओं की क्षमता वाले विशाल एवं सुव्यवस्थित पंडाल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह पंडाल दो लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में विस्तृत होकर प्रदेश के सर्वाधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित कथा परिसरों में से एक के रूप में विकसित होगा। इस अवसर पर कारसेवक पंडवानी गायक चेतन देवांगन, सांसद विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री राकेश पाण्डेय, विधायकडोमन लाल कोर्सेवाडा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, समाजसेवी ज़हीर ख़ान, समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह और नगरपालिका उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार उपस्थित रहे।

अतिथिगणों ने इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक–आध्यात्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण आयोजन बताते हुए कहा कि यह महोत्सव जामुल को प्रदेश के आध्यात्मिक मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करेगा। आगामी राम कथा का वाचन जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज श्रीधाम पीठाधीश्वर द्वारा किया जाएगा, जिनकी ओजस्वी एवं भक्तिरसपूर्ण वाणी से संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक चेतना से आलोकित होगा। आयोजन समिति द्वारा पंडाल परिसर में भव्य मंच, विद्युत सज्जा, क्रमबद्ध बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग तथा जल–ध्वनि–प्रकाश की समुचित व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं, जिससे प्रदेशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं दिव्य अनुभूति प्राप्त हो सके। आयोजन की जानकारी देते हुए ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि यह भव्य आयोजन जामुल के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ की सनातन आस्था, सांस्कृतिक वैभव और आध्यात्मिक चेतना का उत्सव के रुप में आयोजित किया जाएगा।



● पुरुष वर्ग 10 किमी दौड़ में आशुतोष बिंद और 5 किमी महिला में रूखमणि साहू को मिला प्रथम स्थान

# 'बीएसएफ डायमंड जुबली रन-2025' में उमड़ा जनसैलाब, युवाओं संग बुजुर्ग ने भी दिखाया अपना उत्साह, लगाये देशभक्ति के नारे

**सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भिलाई में डायमंड जुबली रन 2025 का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब बीएसएफ के जवानों के साथ बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं और आम नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ में शामिल हुए। रन के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे शहर में देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हो गई।रविवार को भिलाई के जयंती स्टेडियम में बीएसएफ डायमंड जुबली रन-2025 का शानदार आयोजन किया गया।**





**भिलाई।** भिलाई सहित आसपास के जिलों के धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस जन–दौड़ में युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी फिटनेस, ऊर्जा और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान का परिचय दिया। बीएसएफ तथा अन्य सुरक्षा बलों के कार्मिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर उपस्थित बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि डायमंड जुबली रन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि नागरिकों को राष्ट्रसेवा और एकता के प्रति प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की सुरक्षा में योगदान देने के लिए सदैव सजग और जागरूक रहें।

### बीएसएफ डायमंड जुबली रन 2025 के यह रहे विजेता




पुरुष वर्ग 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान आशुतोष बिंद को मिला। द्वितीय सुरेश कुमार और तृतीय स्थान पर विवेक प्रसाद रहे। महिला वर्ग 5 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान रूखमणि साहू रही। द्वितीय नीता सलाम और तृतीय स्थान शीतल कुशवाहा ने हासिल किया।

### विभिन्न आयु वर्गों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



बीएसएफ डायमंड जुबली रन 2025 के अंतर्गत आयोजित पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर और महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर दौड़ की शुरुआत डीआईजी पीएसओ गिरधारी लाल मीणा द्वारा चेकर्ड झंडी दिखाकर किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने बीएसएफ के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन ने भिलाई में देशभक्ति और सामाजिक सहभागिता का मजबूत संदेश दिया।

## छत्तीसगढ़ के 101 पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से जमेगा देशभक्ति का रंग

**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय अपने समूह के साथ अगले सप्ताह खजुराहो महोत्सव में देश-विदेश के मेहमानों के बीच अनूठी प्रस्तुति देने जा रहे हैं।

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र

■ 16 व 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले खजुराहो महोत्सव में रिखी देंगी अपनी प्रस्तुति



नागपुर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 16 और 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले खजुराहो महोत्सव में रिखी क्षत्रिय अपने समूह के साथ छत्तीसगढ़ लोक बैंड के तहत 101 पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी के माध्यम से, पारंपरिक धुनों एवं देशभक्त गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में प्रस्तुति देने रिखी व उनका समूह 14 दिसंबर को भिलाई से रवाना हुआ। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि यहां प्रस्तुति देना उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि खजुराहो में न सिर्फ देश भर के कला प्रशंसक पहुंचते हैं बल्कि विदेशी मेहमानों की भी बहुतायत होती है।

उन्होंने बताया कि खजुराहो महोत्सव के लिए पूरा समूह लगातार रिहर्सल में जुटा है और उम्मीद है वहां छत्तीसगढ़ के कलाकारों की प्रस्तुति को बेहद पसंद किया जाएगा। खजुराहो महोत्सव में छत्तीसगढ़िया लोक रंग का जादू जगाने जा रहे दल में रामकुमार पाटिल, डोरेलाल साहू, रामकुमार निषाद, कुलदीप सार्वा, प्रदीप ठाकुर, सुनील कुमार,सुशील कुमार, जय कुमार सेन, एनेश्वर विश्वकर्मा, मोहेंद्र निषाद ,भोज राम,प्रमोद और सागर शामिल हैं।

## इंद्रजीत ने बेंच प्रेस प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**भिलाई।** क्रीड़ा भारती दुर्ग डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन, दुर्ग और छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बीआईटी कॉलेज आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह छोटू ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के दौरान पूर्ण एकाग्रता, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने तथा अपने राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, पैरा ओलंपिक प्रकोष्ठ क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक राजेंद्र पाध्ये, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयोजक राजेंद्र सिंह यादव, छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, पावर लिफ्टिंग इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं महासचिव कृष्ण साहू, नशकर टंडन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसके अलावा सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, वाजिद अंसारी, रमन सारथी, गुरप्रीत सिंह, पंकज शर्मा और सोम सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

## रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यत्र सप्ताह के समापन पर पहुंचे साधु-संत, हुआ सम्मान



# मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी, समर्पण का ऐसा भाव जो सभी को दे प्रेरणा : पं भूपत

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई। वीआईपी नगर रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यत्र सप्ताह के अंतिम दिन कथावाचक पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने मित्रता का महत्व बताया। इस दौरान व्यासपीठ से पंडित शुक्ला ने भागवत कथा के महत्वपूर्ण प्रसंग सुदामा चरित का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी हो। इनकी मित्रता में समर्पण का ऐसा भाव है जो संपूर्ण मानवजाति को प्रेरणा देता है। त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विश्राम रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कथा में प्रतिदिन पारायण पं जितेंद्र नाथ मिश्र गाजीपुर यूपी, पं मुकेश पंडित, शेषनारायण शुक्ला के द्वारा किया गया। पूरे एक सप्ताह तक क्षेत्र में भक्ति की अविरल धारा का रसपान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने विष्णु पाठक और उनके परिवार के प्रति भी आभार जताया। समापन के अवसर पर कथा स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। सैकड़ों भक्तों ने यहां भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।





### सच्ची मित्रता एक दूसरे की पूरक होती है

पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र का बखान किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे,जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। कथावाचक ने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा।

### संत और महंतों का हुआ आगमन और सम्मान

इस कार्यक्रम श्री गंगाजली सोसायटी के चेयरमैन व शिक्षाविद आईपी मिश्रा, अनूप तिवारी के द्वारा पं. जितेन्द्र नाथ मिश्र गाजीपुर, महंत अवधबिहारी दास सनातन धर्म परिषद् न्यास गोरखपुर यूपी, डॉ. गोविन्द रामानुजाचार्य राष्ट्रीय धर्म प्रचारक सनातन धर्म परिषद् आंध्र प्रदेश, मंहत गोविंद दास बर्फाणी धाम राजनांदगांव, आचार्य वेद प्रकाश प्रदेश अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद् छग, सुरेन्द्र गौतम शास्त्री राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म पुरोहित महासभा रायपुर, साध्वी प्रतीभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् महिला प्रकोष्ठ इन्दौर, , साध्वी डॉ. अनीता योगेश्वरी महाराज राष्ट्रीय संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ, ईन्द्रपाल दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् गौ रक्षा वाहिनी, आचार्य शशि भूषण मोहंती सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी, महाराज छोटू पाण्डेय महाकाल आश्रम राजनांदगांव सहित अन्य सभी संतो को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कथा में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधानसभा प्रेम प्रकाश पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामशिला साहू, राम जन्म उत्सव समिति से मनीष पांडे, दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग, एडिशनल एसपी आरटीओ यूवीएस चौहान, खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला मौजूद रहे। मंच संचालन शशिभूषण मोहंती ने किया गया।


हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि
भिलाई संस्करण के
पाठकों के विश्वास का
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


हरिभूमि भिलाई संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
SINCE:2001
होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI (Gold Medalist)
विशेष- एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार-बार छीके आना, बच्चों का बार-बार बुखार आना, एलर्जिक अर्टिकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9:30 से 11:00
स्टेशन रोड, सिंघी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग, सुबह 11:00 से शाम 8:00
215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
हर गुरुवार एवं शनिवार रायपुर में
0788-4011329, 98271-56836
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते हैं।


हरिभूमि भिलाई संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गजेन्द्र यादव
केबिनेट मंत्री
छ.ग. शासन
सतीश थौरानी
प्रदेश अध्यक्ष
चेंबर ऑफ कामर्स, दुर्ग
संजय रुंगटा
प्रमुख सलाहकार
चेंबर ऑफ कामर्स, दुर्ग
अनुप गटागट
जिला अध्यक्ष
चेंबर ऑफ कामर्स, दुर्ग
CA आनंद अग्रवाल
जिला कोषाध्यक्ष
चेंबर ऑफ कामर्स, दुर्ग


आर्य शिक्षा समिति दुर्ग-भिलाई
अध्यक्ष - विनित बंसल, सचिव - संतोष शर्मा
पं. क्र. 3009 संचालित संस्थाएँ
हरिभूमि
भिलाई संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
D.A.V. Model Hr. Sec. School
Arya Nagar Durg, Ph. : 0788-2216281, 2216393 English Medium, Class KG-1 to 12th (C.G. Board) Class KG-1 to 8th (CBSE Pattern)
D.A.V. Model College (B.Ed. Course)
Arya Nagar, Om Parisar, Durg
Ph. : 0788-2212090, 2355250


हरिभूमि भिलाई संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महेन्द्र लोढ़ा
महामंत्री भाजपा
गंजपारा सदर मंडल, दुर्ग


हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि भिलाई संस्करण के
24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लिमन साहू
अध्यक्ष-जनपद पंचायत धमधा
विनीत : समस्त सदस्य जनपद पंचायत धमधा




**assertive design**



Compact and flexible, featuring high ground clearance of 182 mm, roof rails with a load capacity up to 50 kg(2), and 38.1 cm "landscape" dual-tone styled flex wheels(3). Add a touch of exclusivity with our new range of colors.

**on board tech**



An ergonomic dashboard with a 20.32 cm(4) touchscreen, a 17.74 cm(4) TFT instrument cluster and new steering wheel with all key controls at your fingertips. Connect and charge your devices, such as your smartphone, audio player or laptop via the console's USB port(5).

**from 5 to 7 seats**



With seating modularity from 5 to 7 seats, over 100 possible seating configurations, a refrigerated centre storage(2) and a 625 L boot(1).

**21 standard safety features**



Safety is enhanced with driving, parking, and security assistance, including an electronic stability program, rear parking assistance and 6 airbags.

CREATIVE HUB ADVERTISING

# MAHADEVA CARS PRIVATE LIMITED

- Raipur
- Bhiali
- Rajnandgaon
- Dhamtari
- jagdalpur

**Contact : Raipur - 95220 94000, Bhilai -91112 24143**